बीईसीसी-113
भारतीय अर्थव्यवस्था–II

शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य
(2025–26)

कार्यक्रम कोडः बीएईसीएच
पाठ्यक्रम कोडः बीईसीसी 113

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि बीएईसीएच के लिए कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको अर्थशास्त्र (BECC-113) में इस के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसमें 100 अंक होते है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टी एम ए को आपको विभिन्न श्रेणियों के सवालों के ज़वाब देने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तर को व्यस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सत्रीय कार्य कों तीन भागों में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग क में 20-20 अंकों के दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। भाग ख में 10-10 अंकों के तीन प्रश्न होते हैं जब कि भाग ग में आपको 6-6 अंकों के 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि हैः

30 अप्रैल 2026	जून 2026 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए
31 अक्तूबर 2026	दिसंबर 2026 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए

भारतीय अर्थव्यवस्था–।।

शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.– 113

सत्रीय कार्य कोडः एएसटी/टीएमए/2025-26

कुल अंकः 100

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

सत्रीय कार्य–1

निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। **2×20=40**

1 भारत के निर्यात और आयात में हाल के रुझानों का विश्लेषण करें। पिछले दशक में भारत के निर्यात की संरचना में क्या बदलाव आया है?

2 (क) उपयुक्त उदाहरणों के साथ मौद्रिक नीति के मात्रात्मक और गुणात्मक उपकरणों के बीच अंतर को स्पष्ट करें।

(ख) आरबीआई के गुणात्मक (चयनात्मक) ऋण नियंत्रण उपायों पर चर्चा करें। ऋण अनुशासन सुनिश्चित करने में वे कितने प्रभावी हैं?

सत्रीय कार्य–2

मध्यम श्रेणी के निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों मेंदीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का हैं। **3×10=30**

3 किसी अर्थव्यवस्था में पूंजी–उत्पादन अनुपात को कौन से कारक प्रभावित करते हैं? आर्थिक विकास के संदर्भ में उच्च ICOR के महत्व पर चर्चा करें।

4 भारत जैसे विकासशील देश में राजकोषीय नीति के मुख्य उद्देश्य क्या हैं? उच्च राजकोषीय घाटे के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

5 भारत में सेवा क्षेत्र की तीव्र वृद्धि के पीछे के कारणों पर चर्चा करें। भारत में रोज़गार सृजन पर सेवा क्षेत्र की वृद्धि के प्रभाव का विश्लेषण करें।

सत्रीय कार्य–3

5×6=30

निम्नलिखित लघु श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों मेंदीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

6 प्राथमिक, द्वितीयक और टर्मिनल बाज़ारों के बीच अंतर बताइए।

7 भारत में छोटे और सीमांत किसानों के सामने आने वाली तकनीकी बाधाओं की व्याख्या करें। सामूहिक खेती इन मुद्दों का समाधान कैसे कर सकती है?

8 संतुलित आर्थिक विकास के लिए लघु उद्योगों को महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है?

9 विदेशी संस्थागत निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से किस प्रकार भिन्न है?

10 भारत के निर्यात प्रदर्शन में आईटी और आईटी–सक्षम सेवाओं की भूमिका का विश्लेषण करें।